# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
## राजभवन, पटना–800022
## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने ईद–उल–अज़हा (बकरीद) के अवसर पर बिहारवासियों को मुबारकवाद दिया

पटना, 01 सितम्बर, 2017

महामहिम राज्यपाल श्री केशरी नाथ त्रिपाठी ने ईद–उल–अज़हा (बकरीद) के अवसर पर सभी बिहारवासियों को मुबारकवाद दिया है।

अपने संदेश में श्री त्रिपाठी ने कहा है कि त्याग और बलिदान की प्रेरणा देनेवाला यह त्योहार हमारे जीवन में सहनशीलता, सद्भावना और प्रेम की भावना जगाता है।

राज्यपाल ने अनुरोध किया है कि इस त्योहार के अवसर पर सबलोग समाज में सद्भावना और भाईचारा की मजबूती के लिए संकल्पित हों, ताकि बिहार अमन और तरक्की के रास्ते पर लगातार तेजी से आगे बढ़ता रहे।

.........................................